कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0 2022 – विज्ञप्ति 01 / 116-121 / 2022–23, दिनांक 30 जून 2022।

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I & II) 2022 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए सूचना

बच्चों के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 23(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुक्रम में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) की अधिसूचना दिनांक 23 अगस्त 2010 तथा संशोधित अधिसूचना दिनांक 29 जुलाई 2011 एवं 28 जून 2018 के द्वारा राजकीय / अशासकीय सहायता प्राप्त / अशासकीय मान्यता प्राप्त एवं राज्य के नियंत्रणाधीन ऐसे प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता हैं, में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हतायें निर्धारित की गयी हैं, जिसके अनुसार इन विद्यालयों में शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति हेतु शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अर्हताओं के साथ अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

शासनादेश संख्या : 163(I)/XXIV(1)/2016-15/2011 शिक्षा अनुभाग–I (बेसिक) देहरादून दिनांक 04 मार्च, 2016, शासनादेश संख्या : 502 (I)/XXIV(1)/2016-15/2011 शिक्षा अनुभाग–I (बेसिक) देहरादून दिनांक 05 मई 2016 शासनादेश संख्या : 867/XXIV(1)/2017-15/2011 शिक्षा अनुभाग–I (बेसिक) देहरादून दिनांक 13 नवम्बर 2017, शासनादेश संख्या : 671/XXIV(1)/2018/15/2011Vol I शिक्षा अनुभाग–I (बेसिक) देहरादून दिनांक 01 अगस्त 2018, शासनादेश संख्या : 93/XXIV(1)/2020-15/2011TC शिक्षा अनुभाग–I (बेसिक) देहरादून दिनांक 19 फरवरी 2020 तथा शासनादेश संख्या : 889/XXIV-A-1/2021-2021-15/2011 Vol-1 शिक्षा अनुभाग–01 (बेसिक) देहरादून दिनांक 28 जून 2021 में में वर्णित प्रावधानों के क्रम में उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा (प्रथम एवं द्वितीय) **(UTET I & II) 2022** का आयोजन किया जा रहा हैं। **उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा (प्रथम एवं द्वितीय) माह सितम्बर 2022 के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है।**

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा (प्रथम एवं द्वितीय) **(UTET I & II) 2022** में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक अर्ह अभ्यर्थियो से उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) द्वारा परिषद् की वेबसाइट **www.ukutet.com** पर **दिनांक 01 जुलाई 2022 से** ऑन–लाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। **आवेदन पत्र ऑन–लाइन भरने की अन्तिम तिथि 28 जुलाई 2022, सांय 05:00 बजे एवं शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 30 जुलाई 2022, रात्री 11:59 बजे तक हैं। निर्धारित अंतिम तिथि व समय के बाद आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।** परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी निर्धारित समय सारणी के अनुसार ऑन–लाइन पंजीकरण एवं आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु आवेदक के पास मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 होना अनिवार्य है। एक मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 पर एक ही आवेदक का पंजीकरण / आवेदनपत्र स्वीकार होगा। **ऑन–लाइन आवेदन के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किये गये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट पर जाकर ***"उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय 2022 : 'सूचना विवरणिका" UTET-I & II 2022 : INFORMATION BROCHURE"*** को डाउनलोड कर उसमें दिये गये निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लें। **अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वह उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा–प्रथम या द्वितीय (UTET-I or UTET-II) 2022 हेतु पात्रता के सभी निर्धारित मापदण्डों को पूरा करता है। अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के उपरान्त ही वह आवेदन करें, अन्यथा की स्थिति में वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।** परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नवत है-

क्र0सं0	श्रेणी	एक परीक्षा हेतु शुल्क	दोनों परीक्षा हेतु शुल्क
1	सामान्य / अन्य पिछड़ा वर्ग	Rs. 600.00	Rs. 1000.00
2	अनु0जा0 / अनु0ज0जा0 / निःशक्त वर्ग	Rs. 300.00	Rs. 500.00

सचिव

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्

रामनगर, नैनीताल।